# कार्यालय
# प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा

दूरभाष : 05962.230065, फैक्सः 05962.232182ई–मेल almoraforestdivision@rediffmail.com

पत्रांक 5389 /12-1(2) अल्मोड़ा दिनांक 03-5-.2023

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
रानीखेत।

विषय :— **वनभूमि हस्तान्तरण प्रकरणों पर लगायी गयी आपत्तियों के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयक क्रम में अवगत कराना है कि आपके प्रभाग से सम्बन्धित वनभूमि हस्तान्तरण प्रकरण **(प्रस्ताव संख्या 36077/2018, 10519/2015)** जिनमें कि प्रभाग स्तर से स्थलीय निरीक्षण आख्या चाही गयी है। आपत्तियों के निराकरण के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा उप प्रभागीय वनाधिकारी, रानीखेत को स्थलीय निरीक्षण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उप प्रभागीय वनाधिकारी, रानीखेत द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्तावक विभाग द्वारा स्थलीय निरीक्षण में कोई सहयोग प्रदान नहीं किया जा रहा है।

अतः उक्त क्रम में आप प्रस्ताव में लगायी गयी आपत्तियों के निस्तारण हेतु उप प्रभागीय वनाधिकारी, रानीखेत से सम्पर्क कर संयुक्त निरीक्षण कराते हुए आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।

पत्रांक 5389 / 12-1(2) उक्त दिनांकित।

**प्रतिलिपि**— उप प्रभागीय वनाधिकारी, रानीखेत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।

D:\2- data transfer\Land transfer letter 2022.docx